तारांकित 1394 [31/7/2025] 31

प्रश्न सं. [क. 1394]

कार्यालय कलेक्टर ( जिला शहरी विकास अभिकरण ) जिला श्योपुर ( म.प्र.)

क्रमांक / डूडा/विस / 2025/887

श्योपुर दिनांक 14/07/25

प्रति,

अधीक्षण यंत्री महोदय
नगरीय प्रशासन एंव विकास
संभाग ग्वालियर .- चंबल

विषय :- विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 1394 द्वारा मान0 श्री बाबूलाल जंडेल नगर पालिका मे की जा रही अनियमितता की जांच।

संदर्भ :- आपका कार्यालयीन पत्र क्रमांक / यां.प्र./ ग्वा.चं.सं/ 2025/ 1090/ ग्वालियर दिनांक 10/ 07/ 2025।

—00—

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के पालन में उक्त विषयक विधानसभा तारांकित प्रश्न क्रमांक 1394 की जानकारी निम्नानुसार आपकी ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| (क)क्या कायाकल्प योजना के तहत न.पा.प.श्योपुर के द्वारा नियम विरूद्ध स्वीकृत सी.सी.सडक बायपास से शिवपुरी रोड तक निर्वाचित पार्षदों के द्वारा संयुक्त रूप से उक्त सडक स्वीकृति के संबंध में कलेक्टर जिला श्योपुर को लिखित शिकायती पत्र दिया गया है। यदि हां तो उस पर क्या कार्यवाही हुई ? | (क) जी हां। कलेक्टर कार्यालय में प्राप्त शिकायती आवेदन पत्र जिला परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण जिला श्योपुर की ओर भेजा गया। परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण के द्वारा कार्यालयीन पत्र क्रमांक / डूडा/ विविध / 2025 / 614 श्योपुर दिनांक 28/ 04/ 2025 के द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका श्योपुर से शिकायत के संबंध में स्पष्टीकरण चाहा गया जिसके अनुक्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका श्योपुर ने अपने प्रतिवेदन में अवगत कराया गया है कि शिवपुरी रोड से बायपास रोड तक कच्चा आम रास्ता चालू था आगे जाकर आर.टी.ओ ऑफिस, बायपास पार्क, केन्द्रीय विद्यालय, सी एम राईज स्कूल एंव पोलिटेकिनिक कॉलेज आने जाने का आम रास्ता है। उक्त स्थान पर सडक निर्माण होने से आम नागरिको को बहुत सुविधा मिलेगी उक्त सडक को कायाकल्प योजना 2.0 के अंतर्गत प्रस्तावित किया गया है।<br>शेष बिन्दुओ की जानकारी कलेक्टर कार्यालय से संबंधित नही है। |

संलग्न :- मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका श्योपुर का प्रतिवेदन।

परियोजना अधिकारी
जिला शहरी विकास अभिकरण
जिला श्योपुर

अनुभाग अधिकारी
मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग
मंत्रालय, भोपाल

पृ0क्रमांक / डूडा/ विस / 2025/ 888

श्योपुर दिनांक 14/07/25

प्रतिलिपि,

1- मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका श्योपुर की ओर सूचनार्थ।

सत्यप्रतिलिपि

परियोजना अधिकारी
जिला शहरी विकास अभिकरण
जिला श्योपुर

Chief Municipal Officer
Municipal Council Sheopur

Scanned with OKEN Scanner